अखबार नहीं आंदोलन

# प्रभात खबर

कोलकाता, बुधवार
15.05.2024
पृष्ठ 10, मूल्य : ₹ 5

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

prabhatkhabar.com





**रोचक प्रसंग**

1971 सिर्फ पांचवें लोकसभा चुनाव के लिए ही नहीं, बल्कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के लिए भी जाना जाता है. यह साल इंदिरा गांधी के लिए बेहद अहम था. इस वक्त तक कांग्रेस के दो धड़े हो चुके थे. इंदिरा को कांग्रेस के भीतर से ही चुनौती मिल रही थी.



**देश-विदेश | 10**

कंगाल पाकिस्तान सभी सरकारी कंपनियां बेचेगा



**लोकतंत्र का महासंग्राम | 08**

पांचवें चरण में सीएए, अल्पसंख्यक गणित व गठबंधन की होगी बड़ी भूमिका

# अपना शहर

एस्ट्रो गाइड

तिथि : सप्तमी तिथि प्रातः 5.55 तक उपरांत अष्टमी तिथि
नक्षत्र : आश्लेषा नक्षत्र दिवा 5.03 तक उपरांत मघा नक्षत्र
पक्ष : शुक्ल, मास-वैशाख, विक्रम संवत-2081, शक संवत-1946
बंगाब्द : तारीख-1, दिन-बुधवार, मास-ज्येष्ठ, बंगाब्द-1431



**आसनसोल**

आज सूर्यास्त 06:17 बजे | कल सूर्योदय 04:59 बजे

prabhatkhabar.com

# डीपीएस आसनसोल का दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रतिनिधि, आसनसोल

सीबीएसइ ने गत 13 मई को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों को घोषित किया, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया. कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 42 छात्रों में से 18 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा अभिभावकों को गौरवान्वित किया. 97.6% अंक प्राप्त कर श्रेयस राज ने विद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया.

वहीं देवदीप शंघाई गणित तथा विज्ञान विषय में शत - प्रतिशत अंक हासिल कर 97% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे. कक्षा दसवीं में ही ईशा नौशीन ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. कक्षा 12वीं में अमीषा बांका 93.2% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर ,पावली सरकार 92.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा उपांशु दास 90.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे. प्रधानाचार्या विनीता श्रीवास्तव ने अपने संदेश में छात्रों की उपलब्धियों पर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करते हुए कहा कि खुद से प्रतिस्पर्धा हमें बेहतर बनाती है. आत्मस्पर्धा द्वारा आत्म सुधार के दूरगामी और दीर्घकालिक प्रभाव प्राप्त होते हैं.